तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 6 जुलाई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 महीदही की प्राशा में बाल संसद गठित



12 ज्ञानपीठ पुरस्कृत विनोद कुमार से साहित्य समिति ने की भेंट



## खबर संक्षेप



### अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर पौधारोपण

**बेमेतरा/नवागढ़।** बेमेतरा जिला के सेवा सहकारी समिति बालसमुंद में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया गया।इस अवसर पर शनिवार को समिति के अध्यक्ष रामावतार साहू ने सोसाइटी परिसर में पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम संकल्प से सिद्धि तक को साकार करने हम समिति के पदाधिकारियों ने भी संकल्प लिया है। इसके साथ ही सोसाइटी परिसर में रोप गए पौधों की सुरक्षा और देखरेख की भी जिम्मेदारी ली है। वहीं समिति प्रबंधक बलराम बांधे ने पर्यावरण के प्रति समिति सदस्यों की जागरूकता को प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर ब्रांच मैनेजर रमेश ठाकुर, उप सरपंच रामुराम साहू, पंच राजेश साहू, सहित समिति के कर्मचारी, पदाधिकारी व अन्य किसान, नागरिको में पुनाराम साहू, अशोक साहू, नाथूराम साहू, लतेलू साहू, सूरज साहू, भरत साहू, मोहन साहू उपस्थित रहे।

### कबीर ज्ञानोदय शिविर में 700 बच्चे हुए शामिल



**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय के समीप कबीर पंथ समाज मेला स्थल ग्राम लोलेसरा दो दिवसीय सदगुरु कबीर ज्ञानोदय बाल शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिससे प्रथम दिन लगभग 700 बच्चे इस शिविर में भाग लिया जिसमें बच्चों कि रहने एवं खाने कि व्यवस्था सदगुरु कबीर पंथ समाज द्वारा निशुल्क किया गया। प्रशिक्षक के तौर पर मंहत गुरुदयाल दास ल साहेब कानपुर,महंत त्रिलोकी दास साहेब पोटियाडिह धमतरी एवं संत पवन दास जी रायपुर की मौजूदगी में किया जा रहा है।

### सहकारिता दिवस पर ग्राम सलधा में किया पौधारोपण



**बेरला।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर सेवा सहकारी समिति मर्यादित सलधा पंजीयन क्रमांक 378 व जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग, शाखा सलधा में एक पेड़ माँ के नाम पर वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान समिति के पदाधिकारी, किसान ग्रामीण बढ़ चढ़कर पौधारोपण किया गया। ग्रामीणों को जागरूक करते कहा की पेड़ लगाने से पर्यावरण, स्वास्थ्य और समाज को कई लाभ होता है। पेड़ लगाने से छाया, फल, और लकड़ी से लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार होती है। पेड़ लगाना एक महत्वपूर्ण कार्य है जो पर्यावरण को दुष्ति होने से बचाव भी करता है। इस अवसर पर शाला समिति प्राधिकृत अध्यक्ष बिसन लाल साहू, समिति प्रबन्धक टीआर निर्मलकर, लेखु निर्मलकर, भागवत साहू, डंगनिया प्रभारी कर्मचारी, कृषकगण सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जिले में अब तक 81.5 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

**बेमेतरा।** चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 05 जुलाई 2025 प्रतिवेदित दिनांक तक की स्थिति में सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 81.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील थानखम्हरिया शेष पेज 10 पर

# देवशयनी एकादशी आज, मंगलिक कार्यों पर विराम और सावन में होगी शिव की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जुलाई माह पर लोगों में हर्षोल्लास का माहौल निर्मित रहेगा । इस माह व्रत व त्यौहारों का लगातार क्रम बना रहेगा । इसी महीने सावन का महीना शुरू होगा भगवान शिव की भक्ति में भक्त जुटे रहेंगे । हरेली तीज व्रत देवशयनी एकादशी व्रत, गुरु पूर्णिमा ,नागपंचमी पर्व सहित अन्य पर्व होंगे । इस किसानों की व्यस्तता भी खेतों में बनी रहेगी । जुलाई माह जहां किसानों के लिए उम्मीदों भरा होगा वही लोगों के लिए पर्व व व्रतों को लेकर भी आ रहा है पूरे माह विविध धार्मिक आयोजनों का क्रम बना रहेगा । खासकर जुलाई में ही सावन माह का आगाज होगा जिसे भगवान शिव के आराधना के शेष पेज 10 पर

## जुलाई में पर्वों की श्रृंखला, गुरु पूर्णिमा, हरेली और नागपंचमी का पर्व मनाएंगे

### सावन की शुरुआत 11 जुलाई से

भगवान शिव की भक्ति का महीना सावन 11 जुलाई से शुरुआत हो रही है । जुलाई माह में 3 सोमवार मिलेंगे ,इस दौरान भगवान सिंह की विशेष आराधना, अभिषेक ,कावड़ यात्रा का वातावरण निर्मित रहेगा । 14 जुलाई गजानन संकष्टी चतुर्थी ,15 जुलाई मंगल गौरा व्रत ,16 जुलाई कर्क संक्रांति, 17 जुलाई कालाष्टमी और मासिक कृष्ण जन्माष्टमी, 20 जुलाई मासिक कार्तिकगाई ,21 जुलाई कामिका एकादशी और रोहिणी व्रत, 22 जुलाई कामिका एकादशी व्रत का पारण होगा साथ ही इसी दिन भौम प्रदोष व्रत भी है । 23 जुलाई मासिक शिवरात्रि इस दिन कांवड़ यात्रा का जल चढ़ेगा ।



### हरेली पर गांव-गांव में होगी पूजा

पंचांग के अनुसार 24 जुलाई को हरेली अमावस्या पर्व है। इस पर्व पर आंचल में हर्षोल्लास के साथ हर घर में पूजा अर्चना की जाती है । ग्रामीण इलाकों में किसान अपने कृषि उपकरणों की पूजा अर्चनाकर बेहतर फसल एवं सुरक्षा की कामना करते हैं । 27 जुलाई हरियाली तीज ,28 जुलाई विनायक चतुर्थी ,29 जुलाई नागपंचमी 30 ,जुलाई कल्कि जयंती और स्कंद सृष्टि एवं 31 जुलाई को तुलसीदास जयंती है ।

### देवशयनी के बाद से मांगलिक कार्यों में विराम

प्रभु की दृष्टि से आज 6 जुलाई देवशयनी एकादशी व्रत के लिए पारण का दिन है । ऐसी मान्यता है कि देश अन्य एकादशी के साथ ही भगवान विष्णु 4 माह के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं । जिसकी वजह से कोई भी शुभ हुआ मांगलिक कार्य नहीं किया जाता 8 जुलाई भौम प्रदोष व्रत है।

इस दिन शाम के समय में भगवान शिव की पूजा अर्चना करने का विधान है। 10 जुलाई इस दिन कोकिला व्रत ,आषाढ़ पूर्णिमा (गुरु पूर्णिमा ) का पर्व है जो मंदिर, घर एवं विभिन्न संस्थाओं से जुड़े लोग श्रद्धा भक्ति के साथ बड़े धूमधाम से मनाएंगे ।

## निर्णय : शिक्षा को बाधित करना अस्वीकार्य : प्रशासन

# केंद्रीय विद्यालय के अस्थायी संचालन में बाधा उत्पन्न करने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा


ग्राम बावामोहतरा में प्रस्तावित नवोदय स्तर के केंद्रीय विद्यालय के अस्थायी संचालन में बाधा उत्पन्न करने की घटनाओं को लेकर प्रशासन सख्त रुख अपनाए हुए है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी (एसडीएम) प्रकाश भारद्वाज ने स्पष्ट किया है कि शासन की प्राथमिकता योजनाओं को प्रभावित करने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

जिला शिक्षा अधिकारी के प्रस्ताव पर ग्राम बावामोहतरा में केंद्रीय विद्यालय के अस्थायी संचालन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। विद्यालय का स्थायी भवन निर्माणाधीन है, ऐसे में शासन ने छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसलिए ग्राम के शाला भवन में अस्थायी रूप से कक्षाएं संचालित करने का निर्णय लिया।

लेकिन ग्राम पंचायत के सरपंच एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष को नागवार गुजरी और ग्रामीणों के साथ मिलकर इसका विरोध किए जाने की चेतावनी देते हुए प्रशासन को भवन उपलब्ध नहीं कराया गया। इसे प्रशासन ने शासनादेश की सीधी अवहेलना मानते हुए दोनों पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एसडीएम ने कहा कि नवोदय विद्यालय जैसी योजना सरकार की उच्च प्राथमिकता में है। यह शिक्षा की गुणवत्ता और समानता सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम है। इसमें किसी भी प्रकार की बाधा न केवल छात्रों का नुकसान है, बल्कि यह योजना की सफलता के साथ अन्याय भी है।

प्रशासन ने सरपंच एवं समिति अध्यक्ष को 7 जुलाई को कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया है। ऐसा न करने पर उनके विरुद्ध पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 40 एवं भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 221 के तहत दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### सरपंच और शाला जनभागीदारी अध्यक्ष को एसडीएम ने जारी की नोटिस



न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी बेमेतरा, जिला–बेमेतरा (छ.ग.)।।

कारण बताओ नोटिस

पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 40 एवं भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 221 अंतर्गत

प्रति,
1–सरपंच,
ग्राम पंचायत बावामोहतरा
जनपद पंचायत बेमेतरा
जिला बेमेतरा(छ.ग.)

विषयः– केन्द्रीय विद्यालय के अस्थाई संचालन के अधिग्रहण के संबंध में।
संदर्भः– 1– शाला प्रबंधन एवं विकास समिति बावामोहतरा का आवेदन दि. 04.07.2025
2–कार्यालय ग्राम पंचायत बावामोहतरा का पत्र दिनांक 02.05.2025

विषयान्तर्गत लेख है कि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा केन्द्रीय विद्यालय के अस्थाई संचालन ग्राम बावामोहतरा में करने का आदेश प्राप्त है। यह की केन्द्रीय विद्यालय संचालन करने की योजना भारत सरकार के महती योजनाओं में शामिल है।

उक्त केन्द्रीय विद्यालय के अस्थाई संचालन में आपके द्वारा व्यवधान उत्पन्न करते हुए शासन के कार्य में अवरोध डालने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे प्रस्तावित कार्य में अवरोध उत्पन्न हो रहा है।

तत्संबंध में आप अपना जवाब कार्यालय में समक्ष दिनांक 07.07.2025 दिन सोमवार को सुबह 10 बजे उपस्थित होकर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। जवाब समाधानकारक नही होने की दशा में क्यो न आपके विरूद्ध पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 40 एवं भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 221 के तहत लोक सेवा के लोक कृत्यों के निर्वहन में बाधा डालने के लिए दण्डात्मक कार्यवाही किया जावे। जिसकी जवाबदारी स्वंय की होगी।

दिनांक 05/07/2025
न्यायालय की मुद्रा

अनुविभागीय दण्डाधिकारी
बेमेतरा, जिला– बेमेतरा (छ.ग.)

### भविष्य के निर्माण में बाधा अनुचित

अधिकारियों का कहना है कि नवोदय विद्यालय से ग्रामीण अंचल के बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की निःशुल्क, आवासीय शिक्षा मिलेगी, जिससे उनका सर्वांगीण विकास संभव हो सकेगा। ऐसे में किसी भी प्रकार की राजनीतिक या व्यक्तिगत आपत्तियों के कारण योजना को रोकना ग्राम व जिले दोनों के विकास के विरुद्ध है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि आवश्यक हुआ तो वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अन्य भवन चिन्हांकित कर विद्यालय का संचालन सुनिश्चित किया जाएगा, लेकिन शासकीय आदेश की अवहेलना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# परपोड़ी में शराबियों ने अभद्रता की व पुलिस ने पीड़ित पर की ज्यादती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/देवकर

जिले के नगर पंचायत परपोडी में बीते दिनों नगर के वार्ड नम्बर 02 इंदिरा नगर निवासी त्रिलोचन साहू का मकान शराब दुकान के पास है। पीड़ति के घर के सामने असमाजिक तत्वों द्वारा शराब के नशे में धुत होकर माँ-बहन की अश्लील गाली-गलौच का वीडियो पीड़ति ने बनाया था। वही यह वीडीयो को पीड़ति ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था, जिसके बाद यह पोस्ट 21-06-25 की रात बनाकर वायरल किया गया था, जिसमे लिखा गया था,कि परपोड़ी में नेता नही भड़वा चुने है, जितने नेता है उनकी माँ-बहन बेटी-बहू को त्रिलोचन साहू के तरफ से इनवाइट आमंत्रण करता हूँ। जिसकी वजह आज मेरे परिवार महसूस कर रहे है उसे आपकी परिवार महसूस करे। ऐसे पोस्ट किया गया था।

सोशल मीडिया एक्ट अधिनियम के तहत यदि कार्यवाही बनता है तो साइबर के हिसाब धारा लगाकर पीड़ति के ऊपर कार्यवाही करना था, लेकिन परपोड़ी क्षेत्र के सफेदपोश भाजपा नेताओं द्वारा परपोड़ी थाना पर शिकायत की गयी। उसके बाद परपोड़ी थाना की पुलिस ने एक्शन मूड में आते हुए पीड़ति के बस स्टैण्ड श्रीराम इलेक्ट्रॉनिक से उठाकर उसे पुलिस वाहन द्वारा थाना ले गया। वहां सफेदपोश नेताओ द्वारा दबंगई और दादागिरी से पीड़ति से माफीनामा लिखवाकर थाना में दिया गया उस वक्त पीड़ति डरा और सहमा हुआ था, वही परपोड़ी थाना प्रभारी के चेम्बर के पास इनको मैं सजा देता हूँ कहकर परपोड़ी थाना प्रभारी डीएल सोना द्वारा कान पकडकर उठक बैठक करवाई गयी। वही खेमराज पाल के मोबाइल से पीड़ति का वीडियो बनवाकर पीड़ति के पास ही दबाव बनवाकर सोशल मीडिया में वायरल कराया गया। पीड़ति का सोशल मिडिया में वीडियो वायरल होने के बाद नगर के लोग उसे शेष पेज 10 पर



■ वीडियो वायरल, आईजी और एसपी से कार्रवाई की मांग

# फरी शाला में बैगलेस डे पर हुई थाली सजाओ स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला फरी में बैगलेस डे अर्थात बस्ता विहीन शनिवार मनाया गया। शासन के आदेश अनुसार हर शनिवार को बैगलेस डे मनाया जाता है अर्थात सभी बच्चे बिना बस्ता के शाला आते हैं . शनिवार को सर्वप्रथम सभी बच्चों को योग कराया गया तथा योग से होने वाले लाभ से अवगत कराया गया. तत्पश्चात सभी शिक्षकों के द्वारा तरह-तरह की गतिविधियां कराई गई. शिक्षिका सुनीता वर्मा द्वारा कक्षा पांचवी कक्षा चौथी और कक्षा तीसरी के बच्चों के लिए थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया. सभी बच्चों ने अपने आसपास के फूल पत्तियों से थाली सजाया जिसमे कक्षा पांचवी के गरिमा यादव ने प्रथम स्थान और कक्षा पांचवी के ही तमन्ना डेहरे ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। तत्पश्चात कक्षा पहली, दूसरी और तीसरी में प्रधान पाठक बजरंग शर्मा के द्वारा देश और राज्य से सबंधित सामान्य ज्ञान के बारे मे बताया गया. शिक्षिका स्मिता साहू द्वारा सभी बच्चों को अनुशासन मे रहकर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। शिक्षिका स्मिता साहू ने कहा की जीवन के प्रत्येक क्षेत्र मे अनुशासन का होना बहुत जरुरी हैं. अनुशासन मे रहकर ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है. शिक्षिका रुखमणि जो बालवाड़ी का संचालन करती है ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधि करने से बच्चों में रचनात्मकता का विकास होता है उनके मोटर कौशल में सुधार होता है एकाग्रता बढ़ती है और जब बच्चे स्वयं सीखते हैं तो उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है. शनिवार के दिन हम बच्चों को शारीरिक शिक्षा, नैतिक शिक्षा के साथ-साथ छोटे-छोटे कार्य करना भी सिखा सकते हैं. बैगलेस डे का आयोजन हर शनिवार को साल भर किया जाना है।



# न्यायमूर्ति तिवारी निरीक्षण करने बेमेतरा पहुंचे, तब अधिवक्ता संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

शनिवार को जिला न्यायालय बेमेतरा में वार्षिक निरीक्षण के अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति दीपक कुमार तिवारी एवं रजिस्ट्रार जनरल मंसूर अहमद का आगमन हुआ। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ बेमेतरा द्वारा एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रणीश कुमार चौबे सहित दीपक तितारी, प्रभात शर्मा, अनिमेष मिश्रा, ए.व्ही. गोवर्धन, माधो सिंह बैस, मोहितराम वर्मा, सलमा शरीफ, रामकुमार जोशी, प्रसून शुक्ला, वंदना साहू सहित अनेक अधिवक्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर न्यायमूर्ति का स्वागत किया। मनीष दीक्षिक, प्रभात शर्मा, कमलेश ठाकुर एवं आर.डी. पटेल ने शॉल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर अतिथियों को सम्मानित किया। वरिष्ठ अधिवक्ताओं का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ द्वारा न्यायमूर्ति दीपक तिवारी को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें बेमेतरा में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का संचालन शीघ्र प्रारंभ किए जाने की मांग की गई।

**75 किमी की वकीलों को करनी पड़ती है यात्रा–** ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा 24 अप्रैल 2023 को जारी आदेश अनुसार बेमेतरा में पूर्णकालिक उपभोक्ता आयोग को मंजूरी दी जा शेष पेज 10 पर



■ उपभोक्ता आयोग संचालन की मांग प्रमुख

## उत्तम स्वास्थ्य ही श्रेष्ठ धन है, इसके लिए नियमित योग करें : योगाचार्य

# कस्तूरबा विद्यालय के योग व स्वास्थ्य शिविर से बालिकाएं लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में योग एवं निःशुल्क कान जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में योगाचार्य दिलहरण तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ जैन कुमार साहू उपस्थित रहे।

■ कस्तूरबा विद्यालय बेमेतरा में योग एवं नि:शुल्क कान जांच शिविर का आयोजन

सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत शाला की अधीक्षिका भारती धृतलहरे ने पुष्पगुच्छ से किया।योगाचार्य दिलहरण तिवारी ने स्वस्थ जीने के लिए मूल मंत्र योग करेंगे, स्वस्थ रहेंगे, व्यस्त रहेंगे और मस्त रहेंगे दिया। योग के द्वारा विभिन्न रोगों का इलाज किस प्रकार किया जा सकता है पर चर्चा की गई। किस रोग में कौन सा योग हमें करना चाहिए योगाचार्य के द्वारा बताया गया। छात्राओं ने कुछ आसन ताड़ासन, वृक्षासन, कटिचक्रासन त्रिकोणासन करके दिखाया। आचार्य ने छात्राओं के लिए तितली आसन ताड़ासन, सर्वांगासन, हलासन, भ्रामरी अनुलोम-विलोम, भत्सिका प्राणायाम को लाभप्रद बताया। सभी व्यक्तियों को रोज योग अनिवार्य रूप से करना चाहिए। जिससे उनका स्वास्थ्य उत्तम रहे वे स्वस्थ जीवन जी सके। उत्तम स्वास्थ्य ही श्रेष्ठ धन है इसके लिए योग को जीवन में अपनाना होगा की जानकारी योगाचार्य द्वारा दी गई। इसके बाद कान, वाणी भाषा एवं स्पीच थेरेपी के विशेषज्ञ डॉक्टर जैन कुमार साहू के द्वारा बालिकाओं का निःशुल्क कान की जांच की गई जिसमें कई बच्चियों को उपचार की आवश्यकता बताई गई। बालिकाओं के तुतलाना हकलाना संबंधित जांच की गई। साथ ही डॉक्टर जैन कुमार साहू ने कहा कि कान शरीर शेष पेज 10 पर





### सेवा सहकारी परिसर में किया पौधारोपण

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय स्थित सेवा सहकारी मर्यादित परिसर अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के मौके पर समिति के अध्यक्ष दोहाई वर्मा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में चलाए जा रहे अभियान एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया ।

वृक्षारोपण के दौरान नगर पालिका परिषद के पार्षद विकास तम्बोली ,गौरव साहू, नीतू कोठारी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू,डॉ विनय साहू,राजीव तम्बोली, राजेन्द्र वर्मा,नंदलाल वर्मा,बूथ अध्यक्ष गिरवर साहू,गोलू साहू,अगनु साहू,ओमप्रकाश साहू,भानुराम साहू,सोसायटी के प्रबंधक विनोद ठाकुर,बैंक मैनेजर जांगड़े साहब,प्रमोद ठाकुर विनय पाटिल दुलेश्वर साहू स्ट्यू यादव सहींत भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेतागण पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे

